

**घरेलू दर्शकों के सामने खेलने की कमी खलेगीः भुवनेश्वर**

भुवनेश्वर न स्वीकार किया कि आईपीएल में उन्हें घरेलू दर्शकों के सामने खेलने की कमी खलेगी। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि क्रिकेट से शुरुआत करने के लिए भारत में आईपीएल से बेहतर कोई टूर्नामेंट हो सकता था और मुझे विश्वास है कि यह भारतीय लोगों में खुशी लेकर आएगा। निश्चित तौर पर मुझे घरेलू दर्शकों के सामने खेलने की कमी खलेगी।

# जो बोलिंग करने में माहिर हैं, उसे वही गेंद करनी चाहिए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। भारतीय तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने कहा कि एक गेंदबाज को जिस गेंद को करने में महारत हासिल होती है, उसे अच्छी तरह से करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना अपनी गेंदबाजी में विविधता लाना। भुवनेश्वर 19 सितंबर से संयुक्त अरब अमीरात में होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग में सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से खेलेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम के साथ कई वर्षों के अनुभव ने एक गेंदबाज के तौर पर उन्हें बदल दिया। आईपीएल की वेबसाइट के अनुसार उन्होंने कहा, मैं पिछले कुछ वर्षों में एक गेंदबाज के तौर पर निश्चित रूप से बदला हूं। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि मैंने खेलकर अनुभव हासिल किया और गेंदबाजी की विविधताओं (वेरीएशन) को सीखा। भुवनेश्वर ने कहा, मुझे नहीं लगता कि यह हमेशा अपनी गेंदबाजी में कुछ नया जोड़ने से संबंधित है। आप जिस तरह की गेंद करने में माहिर हो, यह उसे अच्छी तरह से करने से भी जुड़ा है। यह तेज गेंदबाज 2019 में चोटों से जूझता रहा। वर्ल्ड कप के दौरान भी वह चोटिल हो गए थे और पाकिस्तान के खिलाफ मैनचेस्टर में उन्हें मैच को बीच में छोड़ना पड़ा था। वह साउथ अफ्रीका और बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू शृंखलाओं में नहीं खेल पाए थे।

# मांकड़िंग-नॉन स्ट्राइकर छोर पर रन आउट को खेल भावना से न जोड़ें

**क्रिकेट**

## क्रीज से छोड़ देता है तो वह खेल भावना का पालन नहीं कर रहाः श्रीनाथ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के मैच रेफरी और पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज जवागल श्रीनाथ का मानना है कि अगर गेंदबाज के गेंद छोड़ने से पहले नॉन स्ट्राइकर छोर का बल्लेबाज क्रीज से छोड़ देता है तो वह खेल भावना का पालन नहीं कर रहा है और ऐसे में रन आउट होने पर उसे सहानुभूति नहीं बटोरनी चाहिए। भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने पिछले साल इंडियन प्रीमियर लीग में जोस बटलर को क्रीज से काफी आगे निकलने पर रन आउट करके विवाद खड़ा कर दिया था। इस मामले में गेंदबाज की भूमिका पर सवाल उठाए गए। लेकिन श्रीनाथ का मानना है कि अगर बल्लेबाज इस तरह से रन आउट होता है तो इसमें गेंदबाजी की गलती नहीं होती है।

श्रीनाथ ने अश्विन से उनके यूट्यूब कार्यक्रम डीआरएस विद ऐशइ में कहा, गेंदबाज का ध्यान बल्लेबाज पर केंद्रित रहता है। एक बल्लेबाज के लिए (नॉन स्ट्राइकर छोर पर) गेंद छूटने से पहले तक अपनी क्रीज पर बने रहना बड़ी बात नहीं है क्योंकि वह बल्लेबाजी नहीं कर रहा होता है और वह कुछ सोच भी नहीं रहा होता है। दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पॉन्टिंग का मानना है कि इस तरह के रन आउट करने से गेंदबाज खेल भावना का उल्लंघन करता है और वह अश्विन को ऐसा करने की अनुमति नहीं देंगे। पिछले साल किंग्स इलेवन पंजाब के कप्तान रहे अश्विन इस साल 19 सितंबर से संयुक्त अरब अमीरात में होने वाले आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से खेलेंगे। श्रीनाथ ने कहा, बल्लेबाज को क्रीज नहीं छोड़नी चाहिए और गेंदबाज को केवल गेंदबाजी और जिस बल्लेबाज के लिए वह गेंद कर रहा है उस पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। अगर बल्लेबाज अनुचित फायदा उठा रहा है और उसे रन आउट किया जाता है तो मुझे कोई परेशानी नहीं है। मेरे हिसाब से यह सही है।

इस पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा कि नियमों में साफ कहा गया है कि बल्लेबाज को गेंद छूटने से पहले क्रीज के अंदर रहना चाहिए। श्रीनाथ ने कहा, सहानुभूति के बारे में नहीं सोचें। इससे खेल भावना को नहीं जोड़े। खेल भावना नॉन स्ट्राइकर से भी जुड़ी होती है। वह क्रीज से बाहर नहीं निकल सकता। अगर वह ऐसा कर रहा है तो क्या वह खेल भावना का उल्लंघन नहीं कर रहा है? मेरा मानना है कि बल्लेबाज को क्रीज पर बने रहना चाहिए।




# हम यहां क्रिकेट खेलने आए हैं, मस्ती के लिए नहींः कोहली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दुबई। भारत और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के कप्तान विराट कोहली कोविड-19 महामारी के बीच क्रिकेट खेलने के महत्व को समझते हैं और वह चाहते हैं कि इंडियन प्रीमियर लीग में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ी और अन्य सदस्य टूर्नामेंट के जैव सुरक्षित वातावरण का सम्मान करें।

आरसीबी के यूट्यूब कार्यक्रम 'बोल्ड डायरीज' में बात करते हुए 31 वर्षीय कोहली ने कहा कि कोविड-19 के कारण लगाए गए लॉकडाउन के दौरान उन्हें क्रिकेट की कमी नहीं खल रही थी। उन्होंने कहा, 'मैं पिछले दस वर्षों से लगातार खेल रहा था। इससे एक तरह से मुझे नए रहस्य का पता चला कि मुझे हर समय खेल की कमी नहीं खल रही थी।' कोहली अब संयुक्त अरब अमीरात में 19 सितंबर से शुरू होने वाले आईपीएल की तैयारियों में जुटे हैं और उन्होंने कहा कि बीसीसीआई की मानक संचालन प्रक्रिया और जैव सुरक्षित वातावरण के कारण लगाए गए प्रतिबंधों का सभी भागीदारों को अनिवार्य रूप से पालन करना चाहिए।

कोहली ने कहा, 'हम सभी यहां क्रिकेट खेलने आए हैं। टूर्नामेंट के दौरान हर समय जैव सुरक्षित वातावरण का सम्मान करना जरूरी है। हम यहां मस्ती करने और इधर-उधर घूमने और यह कहने के लिए नहीं आए हैं कि मैं दुबई में घूमना चाहता हूं।' उन्होंने कहा, 'अभी हम इस तरह के दौर में नहीं जी रहे हैं। अभी हम जिस दौर से गुजर रहे हैं उसे स्वीकार करो और हमें आईपीएल का हिस्सा बनने का जो अधिकार मिला है उसको समझो। सभी को इसे स्वीकार करना चाहिए और ऐसा व्यवहार नहीं करो जो परिस्थिति के विपरीत हो।' पांच महीने बाद खेल में लौटने के बारे में कोहली ने कहा कि उन्हें लय हासिल करने में ज्यादा समय नहीं लगा। उन्होंने कहा, 'दो महीने पहले तक आप यह नहीं सोच सकते थे कि हम आईपीएल में खेलेंगे।'



## जोकोविच और ओसाका दूसरे दौर में, गॉफ बाहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यूयार्क। नोवाक जोकोविच ने वर्ष 2020 में अपना विजय अभियान जारी रखते हुए आसान जीत के साथ यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत की लेकिन अमेरिकी किशोरी कोको गॉफ को पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। विश्व के नंबर एक सर्बियाई खिलाड़ी ने अपना 18वें ग्रैंडस्लैम जीतने के अभियान की शुरुआत दामिर दाजुमहर पर 6-1, 6-4, 6-1 की जीत से की। इस तरह से उन्होंने इस साल अपना रेकॉर्ड 24-0 पर पहुंचा दिया है। उन्होंने इससे पहले ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब भी जीता था। जोकोविच ने मैच के बाद कहा, 'मैं अपने इस विजय क्रम को निश्चित तौर पर जारी रखना चाहता हूं कि लेकिन ऐसा नहीं है कि मैं हर दिन इसे पहली प्राथमिकता मानता हूं। यह मेरे लिए अतिरिक्त प्रेरणा जरूर है। इससे मुझे अधिक दमदार और बेहतर खेल दिखाने की प्रेरणा मिलती है।' कोविड-19 महामारी के कारण इस बार यूएस ओपन में दर्शकों को अनुमति नहीं दी गयी है। अमेरिका की कोको गॉफ हालांकि पहले दौर में ही हार गई।

## न्यूज डायरी



### पंजाब में सुरेश रैना के रिश्तेदारों पर हमला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना के रिश्तेदारों पर कुछ दिनों पहले पंजाब में डकैतों ने हमला किया था। इस हमले में रैना के अंकल की पहले ही मौत हो गई थी। अब रैना ने ट्विटर पर जानकारी दी है कि उनके एक कजिन की सोमवार रात को दुखद मौत हो गई। टीम इंडिया के इस पूर्व स्टार क्रिकेटर ने ट्विटर पर पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह और पंजाब पुलिस से इस मामले में कार्रवाई की मांग की है। रैना ने अपने ट्विटर पर मंगलवार को दो ट्वीट किए। उन्होंने लिखा, मेरे परिवार के साथ पंजाब में जो हुआ वह बहुत भयानक था। मेरे अंकल की हत्या कर दी गई। मेरी बुआ और मेरे दोनों कजिन को इस हमले में गंभीर चोटें आई हैं। दुर्भाग्य से बीती रात मेरे कजिन ने भी दम तोड़ दिया, जो बीते कई दिनों से मौत से लड़ रहा था। मेरी बुआ की हालत भी बहुत-बहुत गंभीर है और वह लाइफ सपॉर्ट पर हैं। मैं पंजाब पुलिस से इस मामले में छानबीन की अपील करता हूं।

### चेन्नै सुपरकिंग्स के खेमे में कोविड- 19 के मामले, चिंता में पड़े ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** चेन्नै। आईपीएल 2020 के लिए यूएई रवाना हुई चेन्नै सुपरकिंग्स की टीम के 13 सदस्य पिछले सप्ताह कोरोना वायरस की चपेट में आ गए, जिनमें दो खिलाड़ी भी शामिल हैं। हालांकि संक्रमित लोगों को टीम से अलग एक अलग होटल में शिफ्ट कर दिया गया है और वे सभी सेल्फ-आइसोलेशन में हैं। चेन्नै टीम में वायरस के इस संक्रमण ने इंग्लैंड दौरे पर गए ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के मन में थोड़ी-बहुत चिंताएं बढ़ा दी हैं। ऑस्ट्रेलिया के ये खिलाड़ी इन दिनों इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज खेलने के लिए इंग्लैंड दौरे पर हैं। ऑस्ट्रेलियाई फास्ट बोलर जोश हेजलवुड, जिन्हें बीते साल दिसंबर में चेन्नै सुपरकिंग्स की टीम ने ऑक्शन में अपने खेमे में चुना था, उन्होंने इस बात को स्वीकार किया है कि आईपीएल में कोविड- 19 के पॉजिटिव मामले सामने आने के बाद कंगारू खिलाड़ियों में डर बढ़ा है।

### इन 3 स्थानों पर ईसीबी कराने के लिए ईसीबीको मिली मंजूरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल का 13वां सीजन शुरू होने में अब बहुत कम समय बचा है। उधर, आईपीएल 2020 के लिए ईसीबी को सरकार से मंजूरी मिल गई है। ईसीबी ने इस बात को लेकर बयान जारी किया है कि आइपीएल के दौरान किस तरह सख्ती बरती जाएगी और किस तरह से खिलाड़ियों को मानक संचालन प्रक्रिया यानी एसओपी का पालन करना है। ईसीबी ने अपने बयान में कहा है, हमने दुबई, अबू धाबी और शारजाह में आथीएल मैचों के लिए सभी आवश्यक अनुमतियां प्राप्त कर ली हैं। संबंधित अधिकारियों द्वारा एक प्रोटोकॉल बनाया गया है, जो यह देखेगा कि टीमें क्वारंटाइन से गुजरने के बिना सीधे स्थानों पर यात्रा कर सकेंगी और अपने होटलों को लौट सकेंगी। आईपीएल 2020 का पहला मैच 19 सितंबर को खेला जाएगा, जबकि फाइनल 10 नवंबर को खेला जाना है।

### सरफराज अहमद तीनों फॉर्मेट में जम्हाई लेने वाले वर्ल्ड के पहले क्रिकेटर बने

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान व विकेटकीपर-बल्लेबाज सरफराज अहमद खूब चर्चा में हैं। दरअसल सोशल साइट्स पर सरफराज अहमद को लेकर कई क्रिकेट फैंस ने खूब मजेदार कमेंट किए हैं साथ ही साथ ये भी बताया है कि वो क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में जम्हाई लेते हुए दिखने वाले दुनिया के पहले क्रिकेटर बन गए हैं। पाकिस्तान क्रिकेट टीम इन दिनों इंग्लैंड दौरे पर है और सरफराज अहमद भी टीम का हिस्सा हैं। हालांकि अहमद को एक भी मैच में खेलने का मौका नहीं दिया गया। दोनों टीमों के बीच पहले तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेली गई थी जिसमें पाकिस्तान को 0-1 से हार मिली। इस टेस्ट सीरीज के दौरान भी वो जम्हाई लेते नजर आए थे और उन्हें खूब ट्रोल किया गया था। इसके बाद वो पाकिस्तान व इंग्लैंड के बीच खेले गए दूसरे टी20 इंटरनेशनल मैच के दौरान भी कुछ ऐसा ही करते नजर आए थे।